University in News on 02 September 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लखनऊ विवि में दीक्षांत सप्ताह शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 सितंबर को होने वाले 68वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम का आयोजन विवि के कला प्रांगण में होगा। इसके लिए यहां पर पंडाल सजने लगा है। इसी क्रम में सोमवार को दीक्षांत सप्ताह की शुरूआत हुई। पहले दिन योग, निबंध, गायन के साथ संवाद प्रतियोगिता हुई। इस बार दीक्षांत में मेडल पाने वालों में बेटियों की संख्या 80% और छात्रों की 20% है। फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन योग विभाग में योग शक्ति कार्यक्रम हुआ। इसमें छात्राओं ने गोमुख आसन, वक्रासन, मेरू वक्रासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, मर्जरी आसन, उत्कट आसन, भुजंगासन, धनुरासन का अभ्यास किया। वाणिज्य विभाग की ओर से सांस्कृतिक गतिविधियां शुरू हुईं। वाद्ययंत्र प्रतियोगिता में छह प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें पहला स्थान अंशिका, दूसरा स्थान अरंदम और विशाल सिंह (संयुक्त रूप से) तीसरा स्थान शुभम कुमार ने हासिल किया।

वहीं, विश्वविद्यालय में कुलाधिपति स्वर्ण पदक, डॉ. चक्रवर्ती स्वर्ण पदक और एनसीसी कैडेट को मिलने वाले स्वर्ण पदक के लिए साक्षात्कार मंगलवार शाम चार बजे होगा। छात्र-छात्राओं को समिति कक्ष (मंथन हॉल) में मूल दस्तावेजों के साथ दोपहर तीन बजे पहुंचना होगा। (संवाद)

एलएलबी की चौथी आवंटन सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक प्रवेश परीक्षा-2025 की काउंसिलिंग के क्रम में एलएलबी की सीटों के लिए चौथी आवंटन सूची सोमवार को जारी कर दी गई। वहीं, एमए-मध्यकालीन व आधुनिक भारतीय इतिहास और एमए-एजुकेशन की सीटों के लिए पांचवीं आवंटन सूची सोमवार को जारी कर दी गई। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि आवंटन सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी सीटें सुनिश्चित करने के लिए चार सितंबर तक फीस जरूर जमा कर दें। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 5

मेधावियों की चमक से रोशन होगा कॉन्वोकेशन

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने कॉन्वोकेशन के लिए तैयारियां हुईं तेज

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (1 Sep): लखनऊ यूनिवर्सिटी के 68वें कॉन्वोकेशन की तैयारियां शुरू हो गई हैं. मेडल पाने वाले स्टूडेंट्स की लिस्ट भी जारी कर दी गई है. कॉन्वोकेशन के लिए हर डिपार्टमेंट को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंप दी गई है. कॉन्वोकेशन में गोल्ड मेडल्स संग कुछ स्पेशल मेडल्स भी दिए जाएंगे. जिसमें चांसलर मेडल और वीसी मेडल सबसे खास हैं. मेडल पाने वाले स्टूडेंट्स में अलग ही तरह का एक्साइटमेंट दिखाई दे रही है.

तैयारियां हुईं तेज

10 सितंबर को होने वाले कॉन्वोकेशन की तैयारियां शुरू हो गई हैं. आर्ट्स फैकल्टी ग्राउंड में प्रोग्राम के लिए टेंट लगने लगा है. गेस्ट्स के लिए अलग से रो बनाने से लेकर सेंटर स्टेज सभी का नक्शा तैयार कर लिया है और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार होने के बाद अब काम भी शुरू कर दिया गया है. वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में अब बेस्ट एकेडमिक स्पोर्ट्स मैन इन कालेज का अवार्ड सिटी एकेडमी डिग्री कालेज, तिवारीगंज के बीपीएड के छात्र सुरेश माली को दिया जाएगा. वहीं, सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक रिकार्ड रखने वाले छात्र खिलाड़ी के रूप में बीपीएड के मनन कांडपाल को राजा शंकर सहाय का मौरावां स्वर्ण पदक मिलेगा.

● एलयू में तेजी से चल रहा पंडाल बनाने का काम.

8 मेडल मिलेंगे चित्रा को **9** मेडल मिलेंगे श्रद्धा को **10** सितंबर को कॉन्वोकेशन का आयोजन

प्री कॉन्वोकेशन वीक की शुरुआत

68वें कॉन्वोकेशन से पहले एलयू में सोमवार को प्री कॉन्वोकेशन वीक की शुरुआत हुई, जिसके अंतर्गत हर दिन अलग-अलग कॉम्पिटीशन्स का आयोजन होना है. सोमवार को कॉमर्स डिपार्टमेंट में इन्स्ट्रूमेंटल कॉम्पिटीशन और हिंदी डिपार्टमेंट में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई. जिसमें स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा. संस्कृति की द्वारा मालवीय सभागार में ग्रुप सिंगिंग, पोइट्री आदि कॉम्पिटीशन का भी आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ यूनिवर्सिटी की वीसी प्रो. मनुका खन्ना मौजूद रही.

सुरेश माली बेस्ट एकेडमिक स्पोर्ट्स मैन गोल्ड मेडल

लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में अब बेस्ट एकेडमिक स्पोर्ट्स मैन इन कालेज का अवार्ड सिटी एकेडमी डिग्री कालेज, तिवारीगंज के बीपीएड के छात्र सुरेश माली को दिया जाएगा. वही, सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक रिकार्ड रखने वाले छात्र खिलाड़ी के रूप में बीपीएड के मनन कांडपाल को राजा शंकर सहाय का मौरावां स्वर्ण पदक मिलेगा. हाल ही में जारी हुई प्रस्तावित पदक सूची में इन दोनों के पदक नाम आपस में बदल गए थे. इसके लिए सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के महामंत्री प्रोफेसर अजय आर्या ने संशोधन करके परीक्षा विभाग को भेज दिया.

इनको मिले सर्वाधिक मेडल्स

मैंने इस साल अपना मास्टर्स एन्शिएंट इंडियन हिस्ट्री एंड आर्कियोलॉजी में कंपलीट किया है. मैंने 9 मेडल्स हासिल किए हैं, जो कि अलग-अलग थीजों से रिलेटेड हैं. इतने मेडल्स के लिए मैं बहुत एक्साइटेड हूं. मेरे फादर राजेश कुमार और मदर मीना कुमारी दोनों ही बहुत खुश हैं. इससे पहले भी ग्रेजुएशन के दौरान मुझे एक गोल्ड मेडल मिला था.

श्रद्धा, लखनऊ यूनिवर्सिटी, लखनऊ

मैंने रायबरेली के कमला नेहरू कॉलेज से जियोग्राफी में मास्टर्स कंपलीट किया है. यूनिवर्सिटी ने मुझे 8 मेडल्स से सम्मानित करने के लिए चुना है. एक साथ 8 मेडल्स मिलना एक सपने जैसा है, जो कि सच होने जा रहा है. मेरे पेरेंट्स देवी शंकर साहू और शैलकुमारी इन मेडल्स को देखने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं.

चित्रा, कमला नेहरू कॉलेज, रायबरेली

मैंने सिटी कॉलेज लखनऊ से इस साल एलएलबी कंपलीट की है. मुझे इस साल कॉन्वोकेशन में 7 मेडल्स के लिए चुना गया है, जो कि मेरे लिए प्राउड मोमेंट है. मेरे फादर गुलाब चंद और मदर शीला देवी को जब ये पता चला तो वो बहुत खुश हुए. मैं भी 10 सितंबर का वेट कर रहा हूं और काफी एक्साइटेड हूं.

रवि चंद्र, सिटी कॉलेज, लखनऊ

मैंने लखनऊ यूनिवर्सिटी के जर्नलिज्म डिपार्टमेंट से मास्टर्स कंपलीट किया है. मुझे स्व. अतुल माहेश्वरी मेमोरियल जर्नलिज्म गोल्ड मेडल के अंतर्गत 2 मेडल्स से सम्मानित किया जा रहा है. मैं कॉन्वोकेशन को लेकर एक्साइटेड हूं और मुझे ज्यादा एक्साइटमेंट मेरे पेरेंट्स ज्ञानेंद्र कुमार और गुंजन जोशी को है. यह सम्मान मेरे लिए रियली प्राउड मोमेंट है.

वैशाली जोशी, लखनऊ यूनिवर्सिटी

JAGRAN CITY PAGE III

सुरेश को बेस्ट एकेडमिक स्पोर्ट्स मैन स्वर्ण पदक

जासं ● लखनऊ : लवि के दीक्षा समारोह में अब बेस्ट एकेडमिक स्पोर्ट्स मैन इन कालेज का अवार्ड सिटी एकेडमी डिग्री कालेज, तिवारीगंज के बीपीएड के छात्र सुरेश माली को दिया जाएगा। वहीं, सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक रिकार्ड रखने वाले छात्र खिलाड़ी के रूप में बीपीएड के मनन कांडपाल को राजा शंकर सहाय का मौरावां स्वर्ण पदक मिलेगा। हाल ही में जारी हुई प्रस्तावित पदक सूची में इन दोनों के पदक नाम आपस में बदल गए थे। इसके लिए सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के महामंत्री प्रोफेसर अजय आर्या ने संशोधन करके परीक्षा विभाग को भेज दिया।

खेलो इंडिया प्रतियोगिता में करना है लवि का प्रतिनिधित्व

मैं मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला हूं। पापा वेरू लाल माली और मम्मी बगवानी मजदूरी करते हैं। सिटी एकेडमी डिग्री कालेज, तिवारी गंज से बीपीएड की पढ़ाई शुरू की। दिसंबर में भुवनेश्वर में हुए योगासन टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता था। राजस्थान में योगा फेडरेशन आफ इंडिया की ओर से ट्रेडिशनल योगासन में चार साल से गोल्ड मेडल जीत रहा हूं। पश्चिम बंगाल में हुई 48वीं सीनियर नेशनल योगासन चैंपियनशिप में प्रथम पुरस्कार मिला था। आगामी खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भी लखनऊ विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना है।

सुरेश माली, थियरे मेमोरियल स्वर्ण पदक

आइपीएल में जाना है सपना

लखनऊ विश्वविद्यालय से मैं बीपीएड की पढ़ाई कर रहा हूं। उत्तराखंड अलमोड़ा में क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के नेतृत्व में अलमोड़ा सीनियर इंटर डिस्ट्रिक टूनार्मेंट, अंडर 19, लखनऊ में क्रिकेट एसोसिएशन आफ लखनऊ में सीनियर टूर्नामेंट खेले। 2024-25 में ए डिविजन क्रिकेट टूर्नामेंट में मेरा 168 हायर स्कोर रहा। 10 सितंबर को उत्तराखंड प्रीमियर लीग में शार्टलिस्ट में मेरा नाम शामिल है। आगे राज्य स्तर पर अच्छा खेलना है। आइपीएल में जाना मेरा सपना है। पापा महेश कांडपाल मेडिकल फील्ड में काम करते हैं। मम्मी रेनू कांडपाल गृहिणी हैं।

मनन कांडपाल, राजा शंकर सहाय का मौरावां स्वर्ण पदक

साझा संस्कृति ने आसान की शिक्षा की राह

जागरण संवाददाता ● लखनऊ : 'भारत की तरह ही यमन भी पहले ब्रिटिश शासन के अधीन हुआ करता था। अब भारत और यमन एक-दूसरे के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से बहुत सी चीजें साझा करते हैं। मैं यमन और भारत के बीच ऐतिहासिक व द्विपक्षीय सांस्कृतिक संबंधों के बारे में गहन ऐतिहासिक शोध करना चाहता हूं। बालीवुड का हमारे देश में बहुत प्रभाव है। महात्मा गांधी मेरे देश में स्वतंत्रता के नायक हैं।' यह कहना है लखनऊ विश्वविद्यालय के विदेशी छात्र अब्दुलकाफी अब्दुल्ला गालेब अहमद अल रफई का, जिन्हें एमए अरबी सर्वाधिक अंक के लिए राजा हरनाम सिंह सर हरकोर्ट बलटर स्वर्ण सहित तीन पदक के लिए चुना गया है।

अब्दुलकाफी अब्दुल्ला बताते हैं कि उन्होंने यमन के अलबैधा विश्वविद्यालय से 'उत्कृष्ट' ग्रेड और स्वर्ण पदक के साथ शिक्षा स्नातक (बी.एड) की उपाधि प्राप्त की, जिसमें उन्होंने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उसके बाद थमार विश्वविद्यालय से भाषा विज्ञान में कला स्नातकोत्तर किया। उन्होंने आइसीसीआर की छात्रवृत्ति प्राप्त कर लखनऊ विश्वविद्यालय से अरब कल्चर में एमए कर प्रथम श्रेणी में विशिष्टता और अभूतपूर्व तीन स्वर्ण पदक पाने में सफलता पाई है। अब्दुलकाफी वर्तमान में यमन के एक विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं। वह बताते हैं कि लवि में पढ़ाई का माहौल काफी अच्छा रहा। इसी वजह से हाल ही में स्थानीय और वैश्विक स्तर पर शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक बन गया है।

खुश हूं कि लखनऊ विश्वविद्यालय में मिला पढ़ाई का अवसर

श्रीलंका के छात्र हवा कालु अन्नक्कगे वेनुरा दिलशंका डी सिल्वा को एमवीए में 78 प्रतिशत अंक लाने के लिए रागिनी उपाध्याय स्वर्ण पदक दिया जाएगा। वेनुरा बताते हैं कि मैंने आइसीसीआर छात्रवृत्ति के माध्यम से लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने का मौका मिला। पहले तो विश्वविद्यालय जाने से घबरा रहा था, क्योंकि यहां की भाषा, परिवेश और लोग अलग-अलग हैं, लेकिन जब मैं विश्वविद्यालय में दाखिल हुआ तो शिक्षक और छात्र बहुत विनम्र थे और बहुत प्यार से पेश आते थे। लवि का स्वर्ण पदक मिलना मेरे लिए सर्वोत्तम है। मैं पीएचडी भी करना चाहता हूं।

AMRIT VICHAR PAGE 8

प्री-कन्वोकेशन सप्ताह में हुईं मोबिलोग्राफी प्रतियोगिताएं

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग ने अपने प्री-कन्वोकेशन सप्ताह के उद्घाटन दिवस पर रंगोली और मोबिलोग्राफी (मोबाइल फोटोग्राफी) प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे वातावरण को रंगों, रचनात्मकता तथा युवा ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम की शोभा विभागाध्यक्ष प्रो. एम. सिराजुद्दीन की उपस्थिति से बढ़ी। उनके साथ प्रो. अमिता कनौजिया, प्रो. मोनीषा बनर्जी, प्रो. शेली मलिक, डॉ. कल्पना सिंह, डॉ. सुचित स्वरूप एवं डॉ. निधि द्विवेदी भी उपस्थित रहीं। सभी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को सम्मानित किया। मोबिलोग्राफी प्रतियोगिता में श्रेया कनौजिया ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि सर्वज्ञ ने द्वितीय स्थान और महक श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान हासिल किया। ज्योति सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

मालवीय मिशन केंद्र में फैकल्टी डेवलपमेंट का उद्घाटन

अमृत विचार, लखनऊ : मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित नवीनतम फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना थीं। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक प्रो. कमल कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए शिक्षकों की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देते, बल्कि समाज की दिशा तय करने वाले मार्गदर्शक भी होते हैं। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने शिक्षण क्षेत्र में अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किया।

वाणिज्य विभाग में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ: लविवि के वाणिज्य विभाग के अतंर्गत एम.कॉम. प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थियों हेतु अभिविन्यास कार्यक्रम 'दीक्षारंभ' का आयोजन किया गया। जिसकी औपचारिक शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन के उद्बोधन के साथ हुई। उन्होंने प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को आशीष एवं शुभकामनाएं देते हुए विभाग में संचलित की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। साथ ही दो वर्षीय एम.कॉम के अद्यतन पाठ्यक्रम पर भी प्रकाश डाला। वाणिज्य संकायाध्यक्ष प्रोफेसर अर्चना सिंह ने भी वाणिज्य शिक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में प्रोफेसर सोमेश कुमार शुक्ला, डीन सी.डी.सी. प्रोफेसर अवधेश कुमार, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. गीतिका टी. कपूर, विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

लविवि में संगीतमय सूर्य नमस्कार का अभ्यास करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

दीक्षांत समारोह में होगा संगीतमय सूर्यनमस्कार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● सूर्य नमस्कार का अभ्यास शरीर को ऊर्जावान बनाने में सहायक

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारियां जोरशोर से हो रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के योग और वैकल्पिक चिकित्सा विभाग की छात्राओं ने योग शक्ति, संगीतमय सूर्य नमस्कार किया। विश्वविद्यालय के 68 वें दीक्षांत समारोह को लेकर दीक्षांत सप्ताह का आयोजन किया गया है। फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, योग विभाग द्वारा गौरव स्थल पर योगशक्ति नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत योग विभाग की छात्राओं द्वारा प्रार्थना एवं ध्यान का अभ्यास किया गया।

कार्यक्रम के दौरान फेफड़े एवं श्वास पर प्रभाव डालने वाले गोमुख आसन, वक्रासन, मेरू वक्रासन तथा हृदय पर प्रभाव डालने वाले अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन तथा पेट पर प्रभाव डालने वाले आसन पवनमुक्तासन, अर्ध हलासन, उत्तानपादासन का अभ्यास कराया गया कमर को लचीला बनाने वाले मर्जरी आसन, उत्कट आसन, भुजंगासन, धनुरासन का अभ्यास किया गया। फैकल्टी के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि छात्राओं द्वारा संगीतमय सूर्य नमस्कार की मनमोहक प्रस्तुति की गयी कार्यक्रम के दौरान बारिश हो रही थी फिर भी छात्राओं का मनोबल कमजोर नहीं हुआ। डॉ. यादव ने बताया कि हमारे भारतीय मनीषियों द्वारा स्थापित सूर्य नमस्कार का अभ्यास शरीर को ऊर्जावान बनाने में सहायक है। सूर्य नमस्कार के अभ्यास से शरीर मन आत्मा तीनों का विकास होता है, सूर्य नमस्कार एक ऐसा शक्तिशाली अभ्यास है जो शरीर की चेतन को विकसित करता है मन को स्थिर करने और आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रेरित करता है।

इन्होंने लिया हिस्सा

- कार्यक्रम में विभाग की छात्राएं अंकिता गौतम, रुचि धवन, मोनिका सिंह, संजना, सुप्रिया सिंह, नम्रता मिश्रा, आकांक्षा सिंह, प्राची सिंह, पलक मिश्रा, योगिता मिश्रा, अर्चना सिंह, अंशु कनौजिया, पूनम सिंह, आशुतोष सिंह, नव्या मिश्रा, दिव्यांशी, दिव्या कुमारी, शौर्या सिंह, यशस्वी सिंह, रागिनी तथा ऋषिकेश पासवान ने प्रतिभाग किया।

हिंदी विभाग में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 68वें दीक्षांत पूर्व सप्ताह समारोह के उद्घाटन के अवसर पर हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग द्वारा सोशल मीडिया : वरदान या अभिशाप विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिन्दी विभाग के साथ ही अन्य विभागों के भी शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। आकर्ष दुबे (एम.ए.हिंदी, तृतीय सेमेस्टर), नवनीत गिरी (बी.ए. इतिहास, पंचम सेमेस्टर), गिरीश नारायण (बी.ए., हिंदी, पंचम सेमेस्टर), शुभम त्रिवेदी (एम.ए.हिंदी, प्रथम सेमेस्टर) को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन हिन्दी विभाग की वरिष्ठ आचार्य प्रो. अल्का पाण्डेय के नेतृत्व में हुआ एवं प्रतियोगिता की प्रभारी हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. आकांक्षा एवं डॉ. सीमा यादव रहीं।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि में दीक्षांत सप्ताह का आयोजन

लखनऊ (एसएनवी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में एक से सात सितम्बर 2025 तक आयोजित 68वाँ दीक्षांत सप्ताह मालवीय सभागार में विविध सांस्कृतिक और अकादमिक गतिविधियों के साथ आगाज हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की संरक्षक लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना उपस्थित रहीं। स्वागत उद्वोधन निदेशक सांस्कृतिकी प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया। दीक्षांत सप्ताह के अंतर्गत दो प्रमुख प्रतियोगिताएँ-समूह गायन एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गईं। इनमें वीएसएनवी पीजी कॉलेज, लाल वहादुर शास्त्री कॉलेज, सेकेंड कैंपस, जेएनडीसी पीजी कॉलेज, नेताजी सुभाषचंद्र वोस कॉलेज तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में प्रो. ओंकार प्रसाद, प्रो. केया पांडेय एवं प्रो. राकेश चंद्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रतीक मिश्रा ने किया। निर्णायक मंडल में डा. मनिनी श्रीवास्तव, डा. गरिमा सिंह और डा. सिद्धार्थ राय शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंतर्गत योग विभाग की छात्राओं द्वारा प्रार्थना एवं ध्यान का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर योग विभाग के योग प्रशिक्षक डा. रामकिशोर, डा. रामनरेश भी उपस्थित थे। 68 वाँ दीक्षांत पूर्व सप्ताह समारोह के उद्घाटन अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग द्वारा 'सोशल मीडिया : वरदान या अभिशाप' विषय पर निवंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता लविवि की कुलपति प्रो. मनुका खन्ना के संरक्षण में एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रतियोगिता का संयोजन हिन्दी विभाग की वरिष्ठ आचार्य प्रो. अल्का पाण्डेय के नेतृत्व में हुआ एवं प्रतियोगिता की प्रभारी हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डा. आकांक्षा एवं डा. सीमा यादव रहीं।

TOI PAGE 2

Cultural extravaganza marks LU's pre-convocation wk celebrations

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The pre-convocation week celebrations for the 68th convocation of Lucknow University commenced on Monday.

The inaugural event, organised by the Sanskritiki Board, featured Ganesh Vandana, classical and folk dances including Marathi, Kathak, Punjabi, Rajasthani, and Manipuri, along with a special band performance and a Mahabharata-based poetry recital. Inter-college group singing and group dance competitions marked the highlight, with enthusiastic participation from BSNV PG College, Lal Bahadur Shastri College, LU Second Campus, Jai Narain Misra PG College, Netaji Subhash Chandra Bose College, and Lucknow University.

The department of Hindi and Modern Indian Languages organised an essay writing competition on 'Social Media: Boon or Bane'. Winners were Akash Dubey, Navneet Giri, and Girish Narayan, with Shubham Trivedi receiving a consolation prize.

The faculty of commerce hosted instrumental and singing competitions, where Anshika won first prize in the instrumental category, Arandam and Vishal Singh shared second, and Shubham Kumar took third place.

The department of Zoology opened the week with Rangoli and Mobilography competitions, won by Shreya Kanaujiya in Mobilography and Monika Yadav in Rangoli making competition.

VC Prof Manuka Khanna said, "The pre-convocation week sets the tone for our 68th convocation, scheduled on Sept 10."

WARMING UP FOR 68TH CONVOCATION

HINDUSTAN PAGE 8

ऑनलाइन यूजी-पीजी के अब 12 तक आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन में नौ ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 12 सितंबर तक आवेदन और 15 तक फीस जमा कर सकेंगे। इसके लिए एलयू की वेबसाइट पर जाकर एलयूसीओडीई के लिंक पर जाकर पंजीकरण कर सकेंगे।

VoL PAGE 6

निबंध प्रतियोगिता में आकर्ष दुबे प्रथम

लखनऊ। 68 वां दीक्षांत के पूर्व सप्ताह समारोह के उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग द्वारा 'सोशल मीडिया: वरदान या अभिशाप' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता लखनऊ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो मनुका खन्ना के संरक्षण में एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के साथ ही अन्य विभागों के भी शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भागीदारी की। आकर्ष दुबे (एमए हिंदी, तृतीय सेमेस्टर), नवनीत गिरी (बीए, इतिहास, पंचम सेमेस्टर), गिरीश नारायण (बीए, हिंदी, पंचम सेमेस्टर), शुभम त्रिवेदी (एमए हिंदी, प्रथम सेमेस्टर) को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का संयोजन हिन्दी विभाग की प्रो. अल्का पाण्डेय के नेतृत्व में हुआ एवं प्रतियोगिता की प्रभारी हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. आकांक्षा एवं डॉ. सीमा यादव रहीं।

लविवि में हुआ योग शक्ति कार्यक्रम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 68 वें दीक्षांत समारोह के परिप्रेक्ष्य में दीक्षांत सप्ताह के अंतर्गत फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, योग विभाग द्वारा गौरव स्थल पर योग शक्ति नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत योग विभाग की छात्राओं द्वारा प्रार्थना एवं ध्यान का अभ्यास किया गया कार्यक्रम के दौरान फेफड़े एवं श्वांस पर प्रभाव डालने वाले गोमुख आसन, वक्रासन, मेरू वक्रासन तथा हृदय पर प्रभाव डालने वाले अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन तथा पेट पर प्रभाव डालने वाले आसन पवनमुक्तासन, अर्ध हलासन, उत्तानपादासन का अभ्यास कराया गया कमर को लचीला बनाने वाले मर्जरी आसन, उत्कट आसन, भुजंगासन, धनुरासन का अभ्यास किया गया। फैकल्टी के को-ऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि छात्राओं द्वारा संगीतमय सूर्य नमस्कार की मनमोहक प्रस्तुति की गयी कार्यक्रम के दौरान बारिश हो रही थी फिर भी छात्राओं का मनो बल कमजोर नहीं हुआ। कार्यक्रम में विभाग की छात्राएं अंकिता गौतम, रुचि धवन, मोनिका सिंह, संजना, सुप्रिया सिंह, नम्रता मिश्रा, आकांक्षा सिंह, प्राची सिंह, पलक मिश्रा, योगिता मिश्रा, अर्चना सिंह, अंशु कनौजिया, पूनम सिंह, आशुतोष सिंह, नव्या मिश्रा, दिव्यांशी, दिव्या कुमारी, शौर्या सिंह, यशस्वी सिंह, रागिनी तथा ऋषिकेश पासवान ने प्रतिभाग किया।